**इंडियन एयरलाइंस द्वारा "प्रचालन निर्देशिका" में संशोधन किया जाना**

1891. **श्री विश्वासराव रामराव पाटिल :** क्या **नागर विमानन और पर्यटन मंत्री** 25 फरवरी, 1992 को राज्य सभा में अतारांकित प्रश्न 21 के दिये गये उत्तर को देखेंगे और यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) "प्रचालन निर्देशिका" में संशोधन करने के लिए इंडियन एयरलाइंस द्वारा क्या मानदंड/प्रक्रिया अपनाई गई है ;

(ख) क्या 28 जनवरी, 1992 को केबिन कर्मियों के संबंध में परिपत्र जारी करते समय इंडियन एयरलाइंस द्वारा यही मानदंड अपनाया गया था ;

(ग) क्या यह भी सच है कि प्रभावित, कर्मचारियों को धोखे में रखने के लिए इंडियन एयरलाइंस ने 27 फरवरी, 1992 को एक दूसरा परिपत्र जारी किया था जिसके माध्यम से 28 जनवरी, 1992 के परिपत्र को आस्थगित रखा गया था ;

(घ) यदि हां, तो उसके क्या कारण हैं ;

(ङ) क्या यह भी सच है कि इंडियन एयरलाइंस द्वारा 20 मई, 1992 को दुबारा परिपत्र जारी किया गया था; और

(च) यदि हां, तो उसके क्या कारण हैं और 28 जनवरी, 1992 की पूर्व स्थिति को बहाल करने के लिए इंडियन एयरलाइंस द्वारा क्या कदम उठाये जायेंगे ?

**नागर विमानन और पर्यटन मंत्री (श्री माधव राव सिंधिया) :** (क) प्रचालन मेनुअल में संशोधन नागर विमानन महानिदेशक की अनुमति से किए जाते हैं ;

(ख) जी, नहीं ।

(ग) और (घ) जी हां । न्यायालय के निर्णय के अनुसार फ्लाइट पर्सर और विमान परिचारिकाओं की एक सांझी वरिष्ठता सूची तैयार करने के लिए कुछ समय के वास्ते 28 जनवरी, 1992 के परिपत्र को आस्थगित रखा गया था ।

(ङ) जी, हां ।

(च) 28 जनवरी, 1992 की पूर्व स्थिति को बहाल रखा गया है ।

**देश में आए पर्यटकों की संख्या**

1892. **श्री शिवचरण सिंह :** क्या **नागर विमानन और पर्यटन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गत वर्ष देश में आने वाले पर्यटकों की संख्या कितनी है और कितने पर्यटकों ने राजस्थान की यात्रा की ;

(ख) राजस्थान में पर्यटकों की संख्या के अनुपात में पर्यटन विभाग द्वारा कम राशि का आबंटन किये जाने के क्या कारण हैं ;

(ग) गत तीन वर्षों के दौरान राजस्थान में पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए सरकार द्वारा क्या योजनायें तैयार की गई और इस अवधि के दौरान कितनी राशि खर्च की गई ;

(घ) क्या सरकार ने आंतरिक पर्यटकों के प्रोन्नयन के लिए कुछ कदम उठाये है ; और

(ङ) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

**नागर विमानन और पर्यटन मंत्री (श्री माधवराव सिंधिया) :** वर्ष 1991 के दौरान 1677508 विदेशी पर्यटक भारत की यात्रा पर आए । राज्य सरकार से प्राप्त सूचना के अनुसार, वर्ष 1991 के दौरान 494150 विदेशी पर्यटक राजस्थान की यात्रा पर आए ।

(ख) और (ग) पर्यटन का विकास करना मुख्यत: राज्य सरकार की जिम्मेवारी है। तथापि, राज्य सरकारों से मिलने वाले विशिष्ट प्रस्तावों के आधार पर, उनके गुण-दोष, पारस्परिक प्राथमिकता और धन की उपलब्धता पर निर्भर करते हुए, केन्द्रीय वित्तीय सहायता दी जाती है। केन्द्र सरकार द्वारा गत तीन वर्षों के दौरान राजस्थान में जिन स्कीमों के लिए सहायता प्रदान की गई उनमें शामिल हैं—नागौर, झालवाड़ा, अलवर, पाली, दौसा और शाहपुरा में पर्यटक बंगले, मेनाल में अल्पहार-गृह; बूंदी तथा सवाई माधोपुर में पर्यटक परिसर; फतह सागर झील में तैरता रेस्तरां; कोटला बांध एवं पिछोला झील में जल क्रीड़ा उपकरण; शिल्पग्राम मेला; अजमेर तथा नाथद्वारा में यात्रिका, भरतपुर में टैन्ट, आदि। गत 3 वर्षों के दौरान कुल राशि इस प्रकार है:—

| वर्ष | (लाख रुपए में) |
|---|---|
| 1989-90 | 26.25 |
| 1990-91 | 152.34 |
| 1991-92 | 184.31 |

(घ) और (ङ) यात्री निवासों, यात्रिकाओं, मार्गस्थ सुविधाओं आदि के निर्माण जैसी अनेक स्कीमें स्वदेशी पर्यटन का संवर्धन करने के लिए ही हैं।

**वृन्दावन का विकास**

1893. **श्री राम नरेश यादव** : क्या **नागर विमानन और पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने आठवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान वृन्दावन क्षेत्र को पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने के लिए कोई एकीकृत योजना तैयार की है; और

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में ब्यौरा क्या है और इसके कब तक क्रियान्वित किये जाने की संभावना है?

**नागर विमानन और पर्यटन मंत्री (श्री माधवराव सिंधिया)** : (क) और (ख) तीर्थ पर्यटन समिति ने उत्तर प्रदेश राज्य में पर्यटन की आधारभूत सुविधाओं का विकास करने के लिए बरसाना-नन्दगांव-गोकुल मथुरा-वृन्दावन-गोवर्धन तीर्थ परिपथ अभिनिर्धारित किया है। इस संबंध में राज्य सरकार से विस्तृत प्रस्तावों के मिलने की प्रतीक्षा की जा रही है।

**Special Security questionaire Distributed among Employees of Air India**

1894. SHRI PRAMOD MAHAJAN: Will the Minister of CIVIL AVIATION AND TOURISM be pleased to state:

(a) whether it is a fact that a a special security questionaire is distributed among the emp'oyees of Air India; and

(b) if so, what are the details including reasons for such questionnaire and also the response and reaction of employees thereto?

THE MINISTER OF CIVIL AVIATION AND TOURISM (SHRI MADHAVRAO SCINDIA): (a) Yes, Sir.

(b) This was done as per the recommendation of the Ministry of Home Affairs for verification of character and antecedents of Air India staff working in operational areas. Howevr, the copies of 'Special Security questionnaire' circulated to some departments of Air India were not appropriate for the purpose and some employees expressed their reservations over this. The Secial Security Questionnaire has, therefore, been withdrawn.

**Number of helicopters with Helicopter Corporation of India**

1895. SHRI MOHAMMED AFZAL alias MEEM AFZAL: Will the Minister of CIVIL AVIATION AND TOURISM be pleased to state: